# कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रीवा, म0प्र0

—::विज्ञप्ति::—

सर्व साधारण को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, माननीय उच्च न्यायालय के ज्ञापन क्र. Reg.(IT)(SA)/754 जबलपुर दिनांक 16.06.2022 के पालन में जिला न्यायालय के प्रतिलिपि अनुभाग में 01 नग फोटोकापी मशीन क्रय किये जाने हेतु प्रतिष्ठित संस्थाओं से म.प्र. भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन 2015 के नियम 11.2 के अंतर्गत निर्धारित शर्तों के अधीन निविदा सील बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। निविदा जमा करनें की अंतिम तिथि 05.08.2022 को सांय 5.00 बजे तक है, अंतिम दिनांक तक प्राप्त समस्त निविदायें, निविदाकर्ता एवं क्रय समिति, जिला न्यायालय की उपस्थिति में दिनांक 06.08.2022 को प्रातः 11 बजे खोली जावेगी, विस्तृत निविदा शर्तों की जानकारी माननीय उच्च न्यायालय के वेबसाइट www.mphc.in एवं जिला न्यायालय रीवा की वेबसाइट http://districts.ecourts.gov.in/india/mp/rewa/tender पर उपलब्ध है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला रीवा म0प्र0

# कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रीवा, म0प्र0

--तकनीकी बिड--

| क. | सामग्री | संख्या | तकनीकी विवरण |
|---|---|---|---|
| | 01 नग फोटोकापी मशीन | 01 | "Minimum Specifications-j"<br>Heavy duty Digital Multifunctional Device (MFD) Machine |

"Minimum Specifications-"

| S. N. | Specifications | Description | Technically complaiant (Yes/No) |
|---|---|---|---|
| 1 | Copying Type | Automatic document feeder (ADF) | |
| 2 | Platen cover | Yes | |
| 3 | Scan once Print Many | Yes Required | |
| 4 | Copy/print Process | Indirect Electrostatic Photographic Methood (Dry Process) Laser Technology or equivalent | |
| 5 | Copying Resolution | 600X600dpi or better | |
| 6 | Scanning Resolution | 600X600dpi or better | |
| 7 | Printing Resolution | 600X600dpi or better | |
| 8 | Copying Speeed | Minimum 30 PPM | |
| 9 | Std.Memory of Machine | Minimum 1GB or Above | |
| 10 | First Copy Out Time | Less Than 7.7 sec | |
| 11 | Multiple Copying | Up to 999 Copies | |
| 12 | Reduction/Enlargment | Form 25% to 400% | |
| 13 | Image Density Control | Tex-photo/Text | |
| 14 | Power Stablizer | Inbuilt/outbuilt | |
| | | PRINT (Auto Duplex Unit) | |
| 15 | Std Printer | GDI Printing | |
| 16 | Print Speed | Minimum 30 PPM | |
| 17 | Interface | USB 2.0/USB3.0 | |
| 18 | Network Interface and Protocal | 10 Base-T/100 Base-TX | |
| 19 | **Paper Type** | A3, A4, Legal Etc. | |
| 20 | Operating Systems | Should Support Windows Linux Operating System, SUSE opetationg systems | |
| | | SCANNER | |
| 21 | Std Scan | TWAIN Compliant. Scan to PC. Email and FTP | |
| 22 | Resoltion | 100X100.200X200.300X300.600X600 Dpi | |
| 23 | Interface | High Speed USB 2.0/3.0 | |
| 24 | Output format | Tiff.PDF with Advance scanning options and output | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25 | OEM Product | Orignal Equipment Manufacture (OEM) Manufature or its authorized distributer/ dearals with OEM | |
| 26 | Warranty | 5 Years on site Comprehensive Warranty support with level suppoprt with level 1 support from bidder and Level2 support from OEM | |
| 27 | Service Center | Must have Company Authorized Service centre in capital city/ High court Place | |
| 28 | Energy Star Certified/ BEE Certified/ BIS Certified | Yes Required | |

—वित्तीय—बिड—

—::आवश्यक निर्देश::—

1. वित्तीय—बिड (रूपये में) समस्त कर, इंस्टालेशन चार्ज, भाड़ा इत्यादि सहित।
2. बिड दरों में ऑनसाइट वारण्टी एवं टैक्निकल सपोर्ट समाहित हो
3. सभी प्रकार के करों एवं कय मूल्य का खुलासा एवं सकल योग स्पष्ट रूप से निविदा में अंकित किया जावे।

निविदाकर्ता संस्था का नाम ..........................................................

कंपनी ..........................................................

मॉडल ..........................................................

| क्र. | सामग्री विवरण | प्रति नग दर | टैक्स विवरण | कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (01 नग फोटोकापी मशीन) Heavy duty Digital Multifunctional Device (MFD) Machine (30PPM) | | | |
| | (40PPM) | | | |
| | (50PPM) | | | |

बिड का कुल मूल्य (रूपये में) ..........................................................

बिड का कुल मूल्य (शब्दों में) ..........................................................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील ..........................................................

निविदाकर्ता का नाम ..........................................................

संपूर्ण पता ..........................................................

दूरभाष नं0 एवं ईमेल आई0डी0 ..........................................................

दिनांक ..........................................................

# कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रीवा, म0प्र0

## –निविदा शर्तें–

1. निविदा दस्तावेज एक सीलबंद लिफाफे मे जिसके अंदर दो पृथक सीलबंद लिफाफे (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड) के साथ जमा किये जावेंगे। कोई भी निविदा विज्ञप्ति में दर्शित अंतिम दिनांक के बाद स्वीकार नही की जावेगी। डाक अथवा कोरियर से निविदाओं को भेजा जा सकेगा, किन्तु इस माध्यम से निर्धारित समय पश्चात् प्राप्त निविदाओं के लिये कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीवा उत्तरदायी नहीं होगा।
2. निविदाकर्ता द्वारा तकनीकी बिड में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीवा के नाम रू0 –10,000/– (दस हजार रूपये) मूल्य की प्रतिभूति राशि जमा किये जाने बाबत् सहमति पत्र, निविदा शर्तें मानने बाबत् हस्ताक्षरित पत्र, विगत 03 वित्तीय–वर्षों का आयकर रिटर्न, सर्विस टैक्स पंजीयन, GST रजिस्ट्रेशन, पैन नंबर, कंपनी प्रोफाइल/टर्न ओवर समाहित होगा। इसके अतिरिक्त निविदाकर्ताओं को सामग्री की सेल्स, सर्विस एवं टैक्निकल सपोर्ट में न्यूनतम 03 वर्षों का अनुभव प्रमाण–पत्र तथा विगत 03 वर्षों में केन्द्र शासन/राज्यशासन/प्रतिष्ठित निजी संस्थान में सप्लाई संबंधी जानकारी तकनीकी बिड में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर से निविदा स्वीकृति की अनुशंसा एवं प्रशासकीय तथा वित्तीय–स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत इस कार्यालय द्वारा सूचना दिये जाने के 15 दिवस के अन्दर सफल निविदाकर्ता द्वारा राशि रू0– 10,000/– (दस हजार रूपये) की प्रतिभूति राशि जमा करने पर ही सामग्री का क्रय आदेश जारी किया जावेगा।
4. सफल निविदाकर्ता द्वारा क्रय की जाने वाली सामग्री प्रदाय एवं इंस्टालेशन किये जाने के उपरांत विभागीय क्रय समिति द्वारा निविदा अनुरूप गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक अनुसार पाये जाने वाले प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत ही देयक भुगतान की कार्यवाही की जावेगी अन्यथा सामग्री मूलतः विक्रेता के व्यय पर वापिस की जावेगी।
5. तकनीकी बिड का लिफाफा समस्त निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में दिनांक 06.08.2022 को खोला जावेगा। यदि निविदाकर्ता का कोई प्रतिनिधि उपस्थित होना चाहता है तो निविदाकर्ताओं को इस बाबत् संस्था द्वारा अधिकृत पत्र प्रस्तुत करना होगा। तकनीकी बिड मे दर्शित दस्तावेजों एवं निविदा शर्तों के मूल्यांकन पश्चात क्रय समिति द्वारा बिड में दर्शित सामग्री के तकनीकी मापदंडों मे सफल पाये जाने पर ही निविदाकर्ता की वित्तीय बिड का लिफाफा खोला जावेगा।
6. सफल निविदाकर्ता को क्रय आदेश जारी होने के पश्चात् क्रय आदेश मूल्य के 05 प्रतिशत मूल्य की राशि निष्पादन प्रतिभूति के रूप में डी0डी0/एफ0डी0आर0 द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीवा के नाम जमा करानी होगी। जो इंस्टालेशन होने से 60 दिवस की अवधि तक मान्य होगी। उक्त निष्पादन प्रतिभूति के प्राप्त होने के पश्चात् सफल निविदाकर्ता को पूर्व में जमा प्रतिभूति राशि लौटा दी जावेगी। सभी निविदाकर्ता निर्धारित आई0एस0ओ0 प्रमाण–पत्रों का पालन सुनिश्चित करें।

7. निविदाकर्ता द्वारा निविदा में ऑनसाईट वारण्टी प्रदान किया जाना आवश्यक होगा। वारण्टी अवधि में किसी प्रकार की समस्या आने पर 02 कार्य दिवसों में ठीक कराया जाना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त सफल निविदाकर्ता को कय आदेश जारी होने के अधिकतम 15 दिवस के अंदर साम्ग्री प्रदाय कर इंस्टालेशन कराया जाना होगा।

8. समस्त निविदायें तथा उनमें दर्शित दरें तकनीकी बिड खोले जाने की दिनांक से न्यूनतम 03 माह की अवधि तक मान्य होना आवश्यक है। ऐसा न होने की दशा में निविदा निरस्त करते हुये प्रतिभूति राशि जप्त की जा सकती है।

9. सफल निविदाकर्ता द्वारा सामग्री का इंस्टालेशन रीवा जिला न्यायालय में किया जावेगा।

10. किसी भी समय बिना किसी कारण के संपूर्ण निविदा अथवा किसी सामग्री को निविदा से खारिज करने एवं निविदा से संबंधित सभी अधिकार प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय के अधीन सुरक्षित रहेंगे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला रीवा म0प्र0